प्रेस विज्ञप्ति

31 मार्च 2021

<u>पीएफ़सी द्वारा जल विद्युत निगम लिमिटेड की 120 एमडबल्यू रंगीत-IV एचईपी को एनएचपीसी लिमिटेड को सौंपने के साथ का सफल समाधान</u>

नई दिल्ली, 31 मार्च,2021: पीएफ़सी, एक अग्रणी वित्तीय संस्था और पीएनबी कंसोर्शियम के सह-ऋणदाता के रूप में जल विद्युत निगम लिमिटेड (जेपीसीएल) की दबावग्रस्त परिसंपत्ति 4x30 मेगावाट रंगीत-IV एचईपी का सफल समाधान किया गया और दिनांक 31.03.2021 को एनएचपीसी लिमिटेड को परियोजना को सौंपी गई। परियोजना सौंपने की प्रक्रिया श्री रविन्द्र सिंह ढिल्लों, सीएमडी (पीएफ़सी), श्री पी.के.सिंह, निदेशक (वाणिज्यिक एवं परियोजना -अतिरिक्त प्रभार) पीएफ़सी, श्रीमती प्रमिन्द्र चोपड़ा, निदेशक (वित्त) पीएफ़सी, श्रीमती सिम्मी नाकरा, सीवीओ (पीएफ़सी), श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल, निदेशक (वित्त) एनएचपीसी, श्री बिस्वजित बासु, निदेशक (परियोजना) एनएचपीसी, श्री अमित जैन, रेसोल्यूशन प्रोफेश्नल (आरपी) एवं पीएफ़सी, एनएचपीसी लिमिटेड और पीएनबी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिती में संपन्न हुई।

दबावग्रस्त परिसंपत्ति के एनएचपीसी को इस सफल हस्तांतरण के साथ, परियोजना में नए जीवन का संचार होने की उम्मीद है। एनएचपीसी लिमिटेड भारत में जलविद्युत विकास के लिए एक प्रमुख सीपीएसई है । पीएफसी का एनएचपीसी लिमिटेड के साथ लंबे समय से संबंध है और यह दोनों संस्थाओं के बीच संबंधों को और मजबूत करने में मदद करेगा।

हस्ता/-

(एस.एस.राव)

वरिष्ठ महाप्रबंधक (पीआर)